सुविचार

अपनी उर्जा को चिंता करने में खत्म करने से बेहतर है, इसका उपयोग समाधान ढूंढने में किया जाए।

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-33 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 22 सितम्बर 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## ज़मानतीय एवं असंज्ञेय अपराध कब आरोपी की एक गलती से अज़मानतीय एवं संज्ञेय बन सकता है जानिए/legal advice......

जब कोई व्यक्ति को पुलिस वारंट जारी करने के बाद गिरफ्तार करती है और आरोपी व्यक्ति गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार हो जाता है या स्वयं को बचाने के लिए कहीं छिप जाता है तब न्यायालय साक्ष्य लेने से पहले या साक्ष्य लेने के बाद दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 की उपधारा 01 एवं 02 के अनुसार उसके नगर, ग्राम, गाब या किसी सार्वजनिक स्थान पर या किसी लोकल समाचार पत्र के माध्यम से उसकी फरारी की घोषणा कर सकता है इस घोषणा के बाद भी फरार आरोपी न्यायालय में पेश नहीं होता है तो उस पर एक नई धारा के अंतर्गत मामला दर्ज होगा जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 174(क) की परिभाषा ?**


जो कोई फरार व्यक्ति जानबूझकर कर न्यायालय द्वारा दण्ड प्रक्रिया की धारा 82 की उपधारा 01 एवं 02 की गई उद्दघोषणा के बाद भी न्यायालय में उपस्थित नहीं होगा या उसका अनुपालन करेगा वह व्यक्ति भारतीय दण्ड संहिता की धारा 174(क) के अंतर्गत दोषी होगा।

Indian Penal Code, v}{® section v|y(A) punishment

यह अपराध संज्ञेय एवं अजमानतीय होते है। यानी पुलिस प्रकरण दर्ज करेगी, लेकिन पुलिस थाने में जमानत नहीं मिल पाएगी। प्रथम वर्ग न्यायाधीश द्वारा ही जमानत मंजूर की जा सकती है। इनकी सुनवाई प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है। इस अपराध के लिए अधिकतम तीन वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

## शासकीय सेवक की वर्दी पहनना या बिल्ला धारण करना कितना गंभीर अपराध है जानिए/legal advice.....

कोई भी व्यक्ति किसी भी आर्मी ऑफिसरों की या किसी पुलिस अधिकारी की वर्दी पहन लेता है या किसी वरिष्ठ अधिकारी के बिल्ला, मेडल, सितारों को लगाकर स्वयं को उच्च अधिकारी बताता है येसा करने वाला व्यक्ति स्वयं अपराधी हो सकता है क्योंकि किसी अधिकारी की वर्दी पहनना या बिल्ला धारण करना एक अपराध होगा जानिए.



- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638

**भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 171 की परिभाषा ?**

कोई व्यक्ति उस श्रेणी का शासकीय अधिकारी नहीं होते हुए उस वरिष्ठ अधिकारी की वर्दी धारण करेगा या बिल्ला लगाएगा एवं जानबूझकर किसी आम व्यक्तियों पर रौब दिखाएग या किसी व्यक्ति को क्षति पहुचाने का कार्य करेगा तब येसा व्यक्ति उक्त धारा के अंतर्गत दोषी होगा।

**विशेष Notes:-** किसी नाटक, एक्टिंग, रंगमंच आदि के लिए वर्दी पहनना या बिल्ला धारण करना इस श्रेणी में अपराध नहीं है।

**भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 171 के अंतर्गत दंड का प्रावधान ?**

यह अपराध संज्ञेय एवं ज़मानतीय होते हैं इनकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है, सजा इस अपराध के लिए अधिकतम तीन माह की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

### भारत की सनातनी परम्परा, अद्वैत और एकता के विचार को सामने लायेगा एकात्म धाम

# आदि शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन में है वैश्विक समस्याओं का हल : मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वैश्विक समस्याओं का हल आदि शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन में उल्लेखित एकात्मवाद में है। श्री चौहान ने आज खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर में सिद्धवरकूट क्षेत्र में ब्रह्मोत्सव को सम्बोधित करते हुए कहा कि ओंकारेश्वर में एकात्म धाम भारत की सनातनी परम्परा और एकता के विचार को अभिव्यक्त करने का कार्य करेगा। समारोह में देश से हजारों संत, आध्यात्मिक विचारक और प्रबुद्धजन उपस्थित थे। श्री चौहान ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बक भारत का आदर्श विचार है। एक ही चेतना सभी मनुष्यों-प्राणियों में व्याप्त है। तेरा-मेरा की बात करने वाले व्यक्ति छोटे हृदय के होते हैं। मनुष्यों के साथ पशु-पक्षियों के कल्याण का दर्शन सिर्फ भारत में मिलेगा। तुलसी, कबीर और अन्य संतों एवं विचारकों ने मानव-कल्याण को ही सर्वोपरि माना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में परिव्रजन योजना पर कार्य किया जायेगा। इसके तहत सेवा कार्य के पवित्र उद्देश्य से प्रवास और अन्य स्थान पर समाज के उपयोगी प्रकल्प अपनाने के लिये नागरिकों के साथ ही संत समाज को भी जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि विकासखण्ड का चयन कर युवाओं के माध्यम से अद्वैत के सिद्धान्त का प्रचार किया जायेगा।




## प्रतिमा स्थापना का विचार नर्मदा यात्रा में आया

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ओंकारेश्वर का अद्वैत संस्थान देश और दुनिया के विद्यार्थियों के माध्यम से विश्व शांति का केन्द्र बनेगा। वर्ष 2016 में सिंहस्थ महाकुम्भ के दौरान नर्मदा सेवा यात्रा की प्रेरणा मिली। नर्मदा सेवा यात्रा के माध्यम से ही ओंकारेश्वर में शंकराचार्य जी की प्रतिमा स्थापना का विचार मन में आया, जिसे साकार करने के लिये एकात्म यात्रा निकाली गई और घर-घर से मिट्टी के कलश लाये गये थे। इससे यह विचार प्रसारित हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय विचारकों ने भी शंकराचार्य जी को विश्व के सर्वश्रेष्ठ महापुरूषों में शामिल किया है। जूना पीठाधीश्वर के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने कहा कि मध्य प्रदेश में नर्मदा के तीरे इस धाम में भगवान ओंकारेश्वर पर्वत पर भागवतपाद जगतगुरु की भव्य और दिव्य प्रतिमा स्थापित करने का प्रकल्प अद्भुत है।

## दो चीतों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ, चीतों को सॉफ्ट रिलीज बोमा में छोड़ा



**भोपाल।** आज नर चीता पावक और मादा चीता धीरा का पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद प्रोटोकाल का पालन करते हुए सॉफ्ट रिलीज बोमा में छोड़ा गया। दोनों चीतों को छोड़ने से पहले स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्हें सेटेलाइट कॉलर पहनाया गया। वर्तमान में दोनों चीते स्वस्थ हैं। स्वास्थ्य परीक्षण के लिये दोनों चीतों को क्वारेंटाइन बोमा में रखा गया था। इन दोनों चीतों को बोमा में छोड़ने का कार्य वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कूनों में पदस्थ वन्य प्राणी चिकित्सकों की टीम द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान शुक्रवार को उज्जैन में प्रदेशव्यापी रोजगार दिवस का करेंगे शुभारंभ

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 22 सितम्बर शुक्रवार को उज्जैन में प्रदेशव्यापी रोजगार दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम तथा विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा समारोह में विशेष रूप से शामिल होंगे। इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ के 3 लाख से अधिक युवाओं को 2300 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरण की शुरुआत कर स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान विभिन्न जिलों की 1708 एमएसएमई इकाईयों और 10 करोड़ से 50 करोड़ की निवेश वाली 43 इकाईयों का लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा 307 एमएसएमई इकाईयों का भूमिपूजन और 17 क्लस्टर तथा 26 विभागीय औद्योगिक क्षेत्रों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। इन परियोजनाओं से 71 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होगा। सभी जिलों में भी रोजगार दिवस कार्यक्रम स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा। समारोह का सोशल और इलेक्ट्रानिक मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म तथा चैनल्स पर सीधा प्रसारण भी होगा।

## ऊर्जा साक्षरता अभियान के लिये मध्यप्रदेश को मिला सीम अवॉर्ड

**भोपाल।**

मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम को आज ऊर्जा साक्षरता की दिशा में किये गये अनूठे प्रयास के लिये सोसायटी ऑफ एनर्जी इंजीनियर्स एण्ड मैनेजर्स (सीम) द्वारा नई दिल्ली में सीम स्टार परफार्मेंस अवॉर्ड-2022 से नवाजा गया। निगम की ओर से अतिरिक्त कार्यपालन यंत्री श्री सुरेन्द्र बाजपेयी ने अवॉर्ड ग्रहण किया। देश में पहली बार आम नागरिकों को ऊर्जा संरक्षण, नवकरणीय ऊर्जा के लाभ और मितव्ययता सिखाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में 25 नवम्बर 2021 को आरंभ ऊर्जा साक्षरता अभियान (ऊषा) से 15 लाख से अधिक नागरिक जुड़ चुके हैं। ऊर्जा साक्षरता अभियान को यह अवॉर्ड आम नागरिकों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करने की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाने के लिये दिया गया है। ऊषा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प देश को नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। देश और दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु असंतुलन और बिजली के अपव्यय से बचाने के लिये मध्यप्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा ऊषा अभियान की शुरूआत की गई है। देश की पहली साँची सोलर सिटी में 7 हजार नागरिक ऊर्जा साक्षर हुए हैं।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ओंकारेश्वर में संत-जन से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया



भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज ओंकारेश्वर जिला खंडवा में एकात्मता प्रतिमा के अनावरण, संत समागम, ब्रहमोत्सव और अन्य कार्यक्रमों के लिए आए संत-जन से एनएचडीसी विश्राम गृह में भेंट की। उन्होंने स्वामी अवधेशानंद जी गिरी महाराज, परमात्मानंद जी, स्वामी तीर्थानंद जी महाराज सहित अन्य संतों से भेंट की।

## शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया युवा उत्सव कार्यक्रम।




**संवाददाता हल्के वीर**

देवरी/ उदयपुराङ्ग शासकीय महाविद्यालय उदयपुरा में सत्र 2023ङ्ग 24 का तीन दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ संपन्न किया गया। शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अन्नू बड़कुड, सभी अधिकारी कर्मचारी, स्टाफ एवं समस्त विद्यार्थियों ने इस आयोजन को सफल बनाया। सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा को मंच पर विखेरकर सांस्कृतिक धरोहर को सहेजकर रखने के लिए आत्मसात किया। प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान देकर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की। युवा उत्सव कार्यक्रम प्रभारी डॉ. पार्वती व्याघ्रे ने सभी छात्रों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी बच्चों के मानसिक विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए प्रेरित किया।

## 23 को उदयपुरा आएंगे मुख्यमंत्री चिंकी परियोजना का करेंगे उद्घाटन।



**संवाददाता हल्के वीर**

देवरी/ उदयपुरा। चुनावी माहौल है, चुनाव के चलते पूरे मध्य प्रदेश में राजनीति का माहौल गरमा रहा है, मध्य प्रदेश की जनता को विभिन्न प्रकार की योजनाओं के माध्यम से लाभ दिलाया जा रहा है। मध्य प्रदेश में कुछ महीने में बहुत बड़ी-बड़ी योजनाओं का शुभारंभ हुआ है। जिसका लाभ जनता तक पहुंचा है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रत्येक वर्ग को योजनाओं के माध्यम से चारों ओर घेरा लगा दिया है। इसी उपलक्ष में मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान 23 सितंबर दिन शनिवार यानी कल उदयपुरा हेलीकॉप्टर के माध्यम से बोरास रोड मंडी प्रांगण में लगभग 3ऱ00 बजे आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के आने का प्रथम उद्देश्य उदयपुरा ब्लॉक में चिंकी परियोजना का उद्घाटन करना है। इस योजना के माध्यम से इस क्षेत्र के किसानों को पानी की समस्या से निजात मिलेगी। कृषि करने में आसानी होगी और उदयपुरा क्षेत्र को कृषि एवं विभिन्न उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इस कार्यक्रम में पूरे रायसेन जिले की जनता को इस  में शामिल किया जाएगा। ताकि मध्य प्रदेश शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक आसानी से पहुंच सके।

### इनका कहना है

लगभग  चालीस हजार लोग शामिल होने की संभावनाः जनपद पंचायत सीईओ माननीय मुख्यमंत्री जी का कार्यक्रम जनपद पंचायत उदयपुरा में भव्य रूप से किया जाना है। जिसमें लगभग चालीस हजार लोगों को शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है।

# जनता तक मध्य प्रदेश शासन की योजनाओं की जानकारी पहुंचे: मुकेश विश्वकर्मा





**संवाददाता हल्के वीर**

**देवरी।** अटल बिहारी वाजपई सुशासन संस्थान भोपाल से संचालित मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र महिला चौपाल का आयोजन कर रहे हैं इस आयोजन के माध्यम से जनसेवा मित्र ग्रामीण महिलाओं को मध्य प्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं एवं विकास पथ की गाथा सुना रहे हैं। ग्राम पंचायत कोड़ा जमुनिया के ग्राम बेरखेड़ी में मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों द्वारा महिला चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें वृद्ध, विकलांग और बच्चे शामिल हुए इस चौपाल के माध्यम से मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, इस जानकारी के माध्यम से ग्रामीण जन मध्य प्रदेश शासन के साथ तालमेल बैठा पाएंगे। और उनकी समस्याओं का संभव निराकरण भी मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों द्वारा किया जाएगा। पूरे रायसेन जिले का नेतृत्व सीएम फेलो आदर्श कुमार दुबे जी एवं जिला कोऑर्डिनेटर राहुल लोधी। और विभिन्न प्रकार के पदों से सृजित यह जनसेवा मित्रों का काफिला अपने आप में अनोखा है। जो मध्य प्रदेश शासन की गाथा लोगों तक पहुंचा रहे हैं।

## गुरु रविदास आश्रम कर्रापुर में सामाजिक चिंतन संगोष्ठी एवं ब्रह्मलीन संत स्वामी काशीदास जी की 17वी वर्षी के अवसर पर श्रधांजलि सभा





**भोपाल।** गुरु रविदास आश्रम कर्रापुर में सामाजिक चिंतन संगोष्ठी एवं ब्रह्मलीन संत स्वामी काशीदास जी की 17वी वर्षी के अवसर पर श्रधांजलि सभा के अवसर पर लीलाधर अहिरवार व पत्नि श्रीमति सविता अहिरवार जी के साथ शामिल हुए साथ मे सभी गुरुजनों के बीच लीलाधर अहिरवार ने श्रधांजलि सभा को संबोधित किया व समाज के विकास व सेवा का संकल्प लिया व मंदिर के सम्पूर्ण विकास के लिए समाज के सभी जनों को एकजुट होने का आह्वान किया कार्यक्रम में गद्दीनसीन संत पंचमदास जी गुरु रविदास जी की वाणी पर प्रकाश डाला इस कार्यक्रम में  सहसंचालक बाबा सन्तोषदास जी,दिल्ली, उत्तरप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, विदिशा, छतरपुर, दमोह, रायसेन, भोपाल सहित देश के कोने कोने के साधु संत व सागर जिले के विभिन्न पार्टियों के नेता जनप्रतिनिधियों विभिन्न जाति धर्म के लोगों सहित अहिरवार समाज संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार अहिरवार महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष संगीता गोलिया,रविदासिया धर्म संगठन के अध्यक्ष माधव सिंह अहिरवार,जिला अध्यक्ष मुंन्नालाल ठेकेदार, संभागीय अध्यक्ष रामचरण अहिरवार, डॉ कमलेश कुमार अहिरवार ,उपाध्यक्ष दीना रोहित, संजय कुमार अहिरवार हरिदास अहिरवार,लखन अहिरवार,सहित क्षेत्र के विभिन्न गॉव के हजारों संतो व श्रद्धालुओं ने भाग लिया इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन बाबा सन्तोषदास ने किया आभार रामचरण अहिरवार ने किया।

## कल पुर्जों के शिल्पी  भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती पर देवी भजन आर्केस्ट्रा, उपरांत प्रसाद वितरण,  गाजे बाजे के  साथ हुआ विसर्जन





**शहडोल।** शहडोल जिले के  बुढार शहर  ग्रामीण अंचलों में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती श्रद्धा भक्ति विविध धार्मिक कार्यक्रमों भजन एवं भंडारे के साथ मनाई गई। मुन्ना बॉडीबिल्डर में  भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमा बिठाकर विधि विधान के साथ पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण उपरांत सायं 7ऱ00 बजे से आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया जहां भारी संख्या में श्रोताओं मौजूद रहे । क्षेत्रम पांच लोधी रिंकू लोधी राजेश चौधरी सुमित लाल लोधी प्रसाद वितरण में सहयोग किया। इसी तरह रवि द्विवेदी द्वारा भी भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमा के समक्ष विद्वत पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया तत्पश्चात शाम को भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।  कल पुर्जों के शिल्पी के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती मनाई गई। रतन प्रकाश सलूजा एवं उनके साथियों ने प्रसाद वितरण किया। विश्वकर्मा पूजा की धूम रही। शहडोल रोड बुढार लोहिया चौक मार्ग अमरकंटक धनपुरी मार्ग हरदी रोड के  मोटर पार्ट्स मोटर गैरेज में भगवान विश्वकर्मा पूजा गए। दूसरे दिन सोमवार को गाजे बाजे के साथ भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। शांति व्यवस्था बनाने में नगर निरीक्षक संजय जयसवाल एवं उनकी टीम का सहयोग रहा।

# मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों ने किया महिला चौपाल का आयोजन म. प्र की  जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**संवाददाता हल्के वीर**

होशंगाबाद। अटल बिहारी वाजपई सुशासन संस्थान भोपाल से संचालित मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों ने जिला नर्मदा पुरम ब्लॉक माखन नगर द्वारा आज जन सेवा मित्रों ने महिला चौपाल जनसंवाद का आयोजन ,ग्राम पंचायत नया माना के ग्राम घोड़ानार व नया रोरी घांट में किया गया । जिसमें जनसेवा मित्रों द्वारा उपस्थित महिलाओं को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया एवं उनकी प्रमुख समस्याओं को सुना तथा उनकी समस्या के निवारण हेतु विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राकेश निमोदा जी ,अजीत अहिरवार,सौरभ अहिरवार,नितेश अहिरवार,सुनील अहिरवार,चैनसुखी यादव,संध्या प्रजापति, रक्षा साहू,सरस्वती कलम, ध्रुप पटेल,अर्जुन दायमा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति शशिकला काजले उपस्थित रहे ।





### !! प्रेस कॉन्फ्रेंस हेतु आमंत्रण !!

आदरणीय पत्रकार साथियों,

मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका कर्मचारी संगठन द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है। यह संगठन पंचायत एवं ग्रामीण विकास अंतर्गत संचालित राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के कर्मचारियों का संगठन है। मिशन के माध्यम से पूरे प्रदेश में 52 लाख से अधिक परिवारों को स्वयं सहायता समूह के रूप में संगठित किया गया है। इस मिशन में प्रदेश में 1700 से अधिक संविदा कर्मचारी कार्यरत है। संविदा कर्मचारियों को लेकर सरकार की घोषणा एवं क्रियान्वयन में कमी पर संगठन अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहता है।

उक्त विषय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

स्थान - मसाला रेस्टोरेंट, भोपाल हाट, अरेरा हिल्स

समय - दोपहर 3 बजे।

( आशीष शर्मा)

प्रदेश अध्यक्ष


मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका कर्मचारी संगठन।

मोबाइल- 9406809801

संजय सक्सेना, मीडिया प्रभारी 8349901505

# किसान से हुआ अत्याचार पैसा लेकर कंपनी के आदमी ने नहीं दी मशीन

**छतीसगढ़/बालोद।** जहां एक तरफ भारत सरकार किसानों को सहायता और अनुदान देखकर मजबूत और सशक्त बना रही है वहीं दूसरी तरफ कुछ प्राइवेट कंपनियो के लोग किसानों को बेवकूफ बना रही है भारत सरकार का कहना है हम किसान के साथ हैं उनकी मदद कर रहे हैं उनका सहयोग कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ कुछ कंपनियों के लोग किसानों को आर्थिक तौर से कमजोर बनाने में लगी है हां आपको बता दें यह मामला है छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलमान का वहां के किसान सूर्यकांत साहू का कहना है कि मैं एक मसरूम का छोटा सा ब्यापार करता हूं अपने काम को बढ़ाने के लिए मुझें कुछ मशीनों की आवश्यकता थी तो मैंने मुंबई की कंपनी लक्मी इंटरप्राइजेज के मैनेजर से 2 मशीन का डील किया जिसमे उसने लक्मी



इंटरप्राइजेज और इकोनिक इंजिनियरिग यूनिट के साथ मशीन बनाने का काम शुरू किया था जुलाई 2022 में मैंने पैसा देना शुरू किया था आज पूरा 2 लाख 60 हजार पेमेन्ट हो गया है पर आज दिनांक तक नागेश और राम सेवक ने मशीन नहीं दिया है मशीन का पैसा अपने पर्शनल यूज में भी किया है ये जानकारी उसनें स्वम मुझें दी ये दोने व्यक्ति ने मिल के मेरे साथ धोखादरी किया है और अब मशीन देने का नाम नहीं ले रहे है सूर्या साहू का कहना है की मुझें अपने काम को बढ़ाने में दिक्कत जा रही है काम मे दिक्कत आने के कारण मुझें आर्थिक और मानसिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है इन लोग के कारण मेरे शरीर संतुलन बिगड़ गया है अगर मुझे भविष्य में कुछ होता है उसका कारण सिर्फ ये दोनों होंगे। इस मामले की शिकायत स्थानीय थाने में भी दी जा चुकी है।

# डॉ. बी बी कुमार संकल्प पैरामेडिकल कालेज में देंगे परामर्श



अनूपपुर । मेडीस्कोर हास्पिटल पुणे के मशहूर डॉ बी बी कुमार 2 अक्टूबर कों अनूपपुर के संकल्प पैरामेडिकल कॉलेज मे परामर्श देंगे ! समस्त गठिया रोग एवं वातरोग विशेषज्ञ डॉ बी बी कुमार संकल्प पैरामेडिकल कॉलेज में परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। जिन मरीजों को गठियावात की शिकायत, आस्टियो आर्थराईटिस, सोरियाटिक गठिया,रीढ़ की हड्डी का दर्द, पीठ दर्द, अस्थिसमेकन, जोड़ों का दर्द, बार- बार मुंह में छाले होना, हाथ एवं पैर की उंगलियां तिरछी हो जाना, चेहरे पर लाल चट्टे आना, आंखों एवं त्वचा का बार-बार सूखना एवं हाथ एवं पैर की उंगलियां नीली सफेद व काली पड़ जाने जैसी समस्याएं हैं, ऐसे मरीज दो अक्टूबर को सुबह 10ः00 बजे से दोपहर 02ः00 बजे तक संकल्प पैरामेडिकल कालेज शंकर मंदिर चौक के पास बस्ती रोड़ जिला अनूपपुर (म.प्र) में डाक्टर से परामर्श के लिए मिल सकते हैं।

# श्रद्धा बियानी को आर्किटेक्ट इंजीनियर के मास्टर डिग्री के लिए लंदन में हुआ सिलेक्शन हुई रवाना

**अनूपपुर (ब्यूरो)।** होनहार विद्यार्थियों की अनूपपुर जिले में भी कमी नहीं है।बस लग्न हो तो विद्यार्थी अपने शहर,अपने माता-पिता,अपने गुरुजनों का नाम रोशन करने में कोई कमी नहीं रखते। बिल्डर और कॉलोनाइजर स्वामी विवेकानंद स्मार्ट सिटी अनूपपुर विवेक बियानी,जयश्री बियानी की पुत्री कुमारी श्रद्धा बियानी ने भी कुछ ऐसा कर दिखाया की आज अनूपपुर जिला अपने आप में गर्व महसूस कर रहा है। यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ़ लंदन में आर्किटेक्ट इंजीनियर के मास्टर की डिग्री लेने के लिए पूरे भारत से दो विद्यार्थियों का चयन हुआ है। जिसमें मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले से कुमारी श्रद्धा बियानी का चयन किया गया है।जो की आर्किटेक्ट इंजीनियरिंग मास्टर्स की डिग्री लेने के लिए लंदन रवाना हो गई। ज्ञातव्य हो कि आर्किटेक्ट इंजीनियर के लिए यह दुनिया की नंबर वन रैंकिंग की कॉलेज हैं जहां कुमारी श्रद्धा बियानी को एडमिशन मिला है। कुमारी श्रद्धा बियानी की प्राथमिक शिक्षा संत तुलसी मॉडल स्कूल अनूपपुर में हुई।इसके बाद कल्याणीका स्कूल अमरकंटक में 12वीं तक की पढ़ाई पूरी की है जहां वह प्रथम स्थान पर रही है।इसके बाद एनआईटी रायपुर में आर्किटेक्ट इंजीनियरिंग की पढ़ाई पुरी की यहां पढ़ते हुए राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया।एनआईटी रायपुर में पढ़ाई पूर्ण करने के बाद हैदराबाद में 2 वर्ष पढ़ाई पूरी की।इसके बाद मास्टर्स की डिग्री के लिए विश्व के सबसे बड़े कॉलेज में एडमिशन मिल जाना अनूपपुर जिले ही नहीं वरन पूरे विंध्य एवं प्रदेश के लिए गौरव की बात है।यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ़ लंदन में अब तक क्षेत्र से कोई भी अध्ययन के लिए नहीं गया था। पूरे विश्व के सुपर 40 स्टूडेंट को एडमिशन प्राप्त होता है जिसमें भारत के 2आर्किटेक्ट इंजीनियर को एडमिशन मिला है।जिसमें मध्यप्रदेश से कुमारी श्रद्धा बियानी का नाम आया है यह अनूपपुर जिले के लिए बहुत ही गौरव का विषय है कुमारी श्रद्धा बियानी के दादा अशोक बियानी क्षेत्र के बड़े ठेकेदार रहे हैं।दादी किरण बियानी विभिन्न संस्था की अध्यक्ष और संत तुलसी मॉडल स्कूल की भी अध्यक्ष है।,





# फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में पीपल टोला की टीम हुई विजय



**शहडोल।** फुटबॉल क्रांति के तहत लालपुर ग्राम पंचायत नर्मदा स्टेडियम पुष्पराजगढ़ में 8 सितंबर 2023 से फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय स्तर पर किया गया। जिसमें लगभग 72 ग्राम पंचायत की फुटबॉल क्लबो ने हिस्सा लिया। फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन फाइनल मैच लालपुर ग्राम पंचायत एवं पीपल टोला ग्राम पंचायत के बीच खेला गया, जिसमें पीपल टोला ग्राम पंचायत की टीम 1-0 से विजई रही। फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच के दौरान लाल सिंह नरेंद्र सिंह मरावी, कृष्ण कुमार सिंह मार्को, सुनील सिंह परस्ते ,मौली, चंद्रेश कुमार मार्को ,राजेश अवधेश सिंह टेकाम, नारायण सिंह मार्को, नरेंद्र धुर्वे, वीरभान सिंह मार्को, शेर लाल सिंह धुर्वे सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।




# मध्यप्रदेश सशस्त्र बल के जिला बल में संविलियन हेतु मंत्री रामलाल को सौंपा गया ज्ञापन

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश पुलिस विभाग के अंतर्गत आने वाले सशस्त्र पुलिस बल के कर्मचारियों का जिला बल में संविलियन करने के लिए सशस्त्र बल जिला इकाई अनूपपुर ने मध्यप्रदेश कोल विकाश प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल रौतेल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन प्राप्त करते हुए राज्यमंत्री रामलाल रौतेल द्वारा ज्ञापन में उल्लेखित बातो को शासन प्रशासन तक पहुंचाकर निराकरण करवाए जाने के आश्वासन के साथ ही पत्र को आज ही गृहमंत्रालय मध्यप्रदेश शासन को प्रेषित किए जाने की बात कही गई। मध्यप्रदेश सशस्त्र बल के द्वारा सशस्त्र बल से जिला बल में संविलियन हेतु कुछ प्रावधानों के बारे में जिक्र करते हुए बताया कि पुलिस के ऐसे शासकीय सेवक जिन्होंने 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो उनको जिला बल में शामिल जाये जिससे बिसबल (55)और जिलाबल के बिक सामंजस्य हो सके,पुलिस की भर्तियों में प्रारंभिक चरण में जवान को विसबल विभाग में 05 वर्ष के लिये पदस्णपना की जाये तत्पश्चात अन्य विभागो में पदानुसार इनकी पदस्थापना होनी चाहिये,मध्यप्रदेश में आरक्षक भर्ती परीक्षा 2012 से व्यापम द्वारा की जा रही है जिसमें जिला और सशस्त्र पुलिस में भर्ती प्रक्रिया एक होने के बाद में इन्हें दो भागों में बांटकर अलग-अलग कर दिया जाता रहा है।

दिल्ली,पंजाब,उत्तराखंड जैसे राज्य में विसवल के कर्मचारियों का जिला बल एवं अन्य पुलिस विभागों में स्थानांतरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। जिसमे दिल्ली उत्तराखण्ड पंजाब आदि जैसे कई राज्य शामिल है।प्रदेश के बिसबल विभाग के कर्मचारी सीबीआई एटीएस,एसटीएफ,सीआईडी ईओडब्ल्यू लोकायुक्त,राज0अ0ब्यूरो एनआईए पुलिस





मुख्यालय के समस्त शाखाओं में संबद्ध होकर महत्वपूर्ण कार्यालयिन कार्य एवं अन्य मैदानी कार्य में अपना विशेष योगदान दे रहे है पूर्व में पुलिस मुख्यालय के पत्र क्रमांक / 55/1 (4)/3-(अ)/3108/02 दिनांक 13.09.1962 के द्वारा विसंबल से जिला पुलिस बल में स्थानांतरण हेतु विस्तार में निर्देश प्रसारण किये गए थे,परन्तु बाद में इस आदेश को विलोषित कर दिया गया । अभी यू0पी0 के प्रयागराण में पीएसी पैठर के मुद्दे पर हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहाँ है कि दोनों पुलिस बल का मुखिया पुलिस महानिदेशक ही है। कानून व्यवस्था के लिए जनहित में दोनों पुलिस बल के कर्मचारियों का एक-दूसरे में स्थानांतरण किया जा सकता है।

# कांग्रेस कमेटी अनूपपुर जिला उपाध्यक्ष बने रियाज अहमद लोगों ने दी बधाइयां




**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश सिंह के द्वारा आज काँग्रेस भवन मे उपास्थित विधायक कोतमा सुनील सराफ और वारिष्ठ काँग्रेस नेता आशीष त्रिपाठी के कर कमलों से अनूपपुर नगरपालिका के पार्षद वार्ड नंबर तीन के रियाज अहमद को जिला उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर नए दायित्व के पद पर नियुक्त किया गया है रियाज अहमद से उम्मीद की गई है कि आप अनूपपुर जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूत करेंगे और जिले का दौरा कर कांग्रेस पार्टी के उद्देश्यों एवं भारतीय जनता पार्टी के जन विरोधी नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे किए गए कार्यों से संबंधित जानकारी की रिपोर्ट जिला कांग्रेस अध्यक्ष के माध्यम से प्रदेश कांग्रेश को प्रेषित करेगे।रियाज अहमद की नियुक्ति पर जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के अध्यक्ष रमेश सिंह विधायक कोतमा सुनील सराफ, विधायक पुष्पराजगढ़ फुन्देलाल सिंह मार्को , प्रदेश कांग्रेस के सचिव प्रेम कुमार त्रिपाठी, श्रीधर शर्मा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विश्वनाथ सिंह पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल पूर्व विधायक मनोज अग्रवाल पूर्व जिलाअध्यक्ष मनोज सराफ, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशीष त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह जिला कांग्रेस के संगठन मंत्री मनोज मिश्रा, जनपद जैतहरी के अध्यक्ष राजीव सिंह, आचार्य लक्ष्मणदास बाल योगी ब्लॉक अध्यक्ष वेदक पटेल एडवोकेट अखिलेश सिंह, जिला महामंत्री उमेश राय तौहीद बाबा खान, वार्ड पार्षद डॉक्टर प्रवीण आशीष त्रिपाठी, डॉक्टर गणेश चटर्जी संतोष कुमार पांडेय, राकेश गुप्ता संजीव द्विवेदी, दिनेश बाबा पटेल प्रमोद शर्मा ,दीपक शुक्ला, विनोद सोनी, रामखेलावन राठौर, ,रामाधार बैगा, ,पुरषोत्तम चौधरी,सेवादल एहसान अली अंसारी, राम सजीवन गौतम ,संतोष राठौर,राजन राठौर, उत्तम पटेल,रशीद मंसूरी,जाकिर राठौर नीलेश अग्रवाल आदि लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



# दूसरों की सहायता ही जीवन का लक्ष्य है -धनंजय सिंह

**अनूपपुर।**

दूसरों की सहायता ही मेरे राजनिति जीवन का लक्ष्य है द्य उक्ताश्य का वक्तव्य नगर परिषद बनगवां राजनगर के उपाध्यक्ष धनंजय सिंह उर्फ़ मुन्ना भैया जी ने इण्टक के मंच से मज़दूर सभा को संबोधित करते हुये कहा द्य श्री सिंह ने कहा कि आज मैं भाई विक्रमा सिंह जी का हृदय की गहराई से धन्यवाद इस मंच के माध्यम से देता हूँ कि मज़दूर कांग्रेस में राजनगर के एक उर्जावान व्यक्ति मनोज सिंह चन्देल को मज़दूर कल्याण की दिशा में काम करने की जिम्मेदारी दिये। मध्यप्रदेश राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के प्रदेश अध्यक्ष श्री आर डी त्रिपाठी जी के मंशानुसार प्रदेश इण्टक के सचिव विक्रमा सिंह जी एवं जिला इण्टक अध्यक्ष बालेन्द्र सिंह परिहार के प्रयास से नगर परिषद वनगवाँ राजनगर के इण्टक अध्यक्ष मनोज सिंह चन्देल कल 20/09/2023 राजनगर मधुबन क्लब में संगठन विस्तार एवं मजदूरों के हित में एक सूत्र में बांधकर चलना एवं सभी के सुख-दुख में सहभागिता निभाने के लिए राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस




इंटक की पहली प्राथमिकता के तहत बैठक आहुति किया गया द्य राजनगर नगर परिषद के उपाध्यक्ष धनंजय सिंह उर्फ मुन्ना भैया कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य के आसंदी पर विराजमान रहे द्य वही विशिष्ठ आतिथ्य प्रदेश सचिव विक्रमा सिंह जी और कार्यक्रम की अध्यक्षता बालेंद्र सिंह जी परिहार जिला अध्यक्ष अनूपपुर ने किया द्य कार्यक्रम का संचालन रामप्रमोद साहू इण्टक के ब्लाक कोतमा अध्यक्ष एवं राजनगर नगर परिषद अध्यक्ष मनोज सिंह चन्देल ने किया द्य समेश यादव नगर अध्यक्ष बिजुरी एवं अजय कुमार चतुर्वेदी कोतमा नगर अध्यक्ष इण्टक सहित अन्य ने कार्यक्रम में शिरक्त किये द्य जिसमें अशोक तिवारी, सोनू सिंह, ओमकार सिंह, तेजभान सिंह, कोमल प्रसाद चन्द्रा, उमेश प्रजापति, संजीव प्रजापति, जीतेंद्र पटेल रामनिवास तिवारी, सुरेन्द्र यादव, राजकुमार यादव, जमुना रज्जक, बिहारी लाल,विद्याशंकर यादव, विजेश गुप्ता, मनोज कुमार यादव, गोलू पनिका, राममिलन पनिका, श्रीमति सीता महरा, प्रेमवती, बेला जी, रामबाई पनिका, लल्ली देवी, श्रीमति सुशीला सिंह ,हेमाजी, योगेश चन्द्रा आदि शामिल रहे।

# चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल के सैकड़ो कर्मचारियों का तरुणा साबे को समर्थन








**जगदलपुर।** यह सर्वविदित है कि बस्तर अंचल के एकमात्र चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों के न्यूनतम वेतन, साप्ताहिक अवकाश और अन्य शोषण के ख़िलाफ लड़े जा रहे संघर्ष में आम आदमी पार्टी से संबंध रखने वाली तरुणा साबे ने अपना भरपूर योगदान दिया है। अब छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव कि घड़ी है ऐसे में अपने हित के लिए संघर्ष करने वाली महिला नेता को ही कर्मचारी अपने विधायक के रूप में देखना चाहते हैं। अब तक आम आदमी पार्टी द्वारा जहां 10 सीटों पर प्रत्याशियों कि घोषणा कि है वही 80 सीटों पर प्रत्याशी कि घोषणा नही कि गई है। चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल के सैकड़ो ठेका कर्मचारियों ने एक बैठक रखकर इस चुनाव में आम आदमी पार्टी द्वारा तरुणा साबे को विधायक पद हेतु अपना प्रत्याशी बनाये जाने कि स्थिति में परिवार सहित अपने समर्थन करने का ऐलान किया है। इस समर्थन करने वाले कर्मचारियों में 500 ठेका कर्मचारियों के अतिरिक्त हजारों संविदा कर्मचारी भी शामिल हैं। कर्मचारियों ने सोसल मिडिया के माध्यम से आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल से अपने लिए संघर्ष करने वाली नेत्री तरुणा साबे को चुनावी मैदान में उतारने की मांग किया है।

# मंत्री सुश्री मीना सिंह ने उमरिया जिले के मानपुर में हितग्राहियों को सामग्री वितरित की

**भोपाल।** जनजातीय कार्य मंत्री सुश्री मीना सिंह ने उमरिया जिले के नगर परिषद मानपुर में हितग्राहियों को सामग्री और स्वीकृति-पत्र वितरित किए। उन्होंने मुख्यमंत्री भू-आवासीय योजना के अंतर्गत 220 आवासीय पट्टे, मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना में तेंदूपत्ता संग्राहकों को जूते-चप्पल, साड़ी और पानी की बोतल वितरित कीं। मंत्री सुश्री सिंह ने कहा कि कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं के जीवन में क्रांतिकरी बदलाव लाएगी। महिलाओं का जीवन सुखमय हो गया है। योजना के अंतर्गत मिलने वाले पैसों का उपयोग वे घर खर्च व अन्य कार्यों में कर रही हैं। अब घर के लिये मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना प्रारंभ की गई है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ता अथवा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पंजीकृत ऐसी लाड़ली बहनें जिनके स्वयं के नाम से घरेलू कनेक्शन हैं, उन्हें 450 रुपये घरेलू गैस सिलेंडर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री अन्नदूत योजना के माध्यम से युवाओं को वाहन फायनेंस कर उन्हें स्व-रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी तरह तेंदूपत्ता संग्राहकों को साड़ी, जूते, चप्पल, पानी की बोतल का वितरण किया जा रहा है, ताकि तेंदूपत्ता संग्राहक बिना किसी परेशानी के अपना काम कर सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# अनदेखी सूरजपुर के बिहारपुर क्षेत्र का मामला, सड़क नहीं होने से लोगों ने छोड़ा था गांव

**ब्यूरो रिपोर्ट सरगुजा संभाग**

सूरजपुर जिले के बैजनपाठ गांव तक सड़क बनाने में 1 करोड़ खर्च हो गए, फिर भी ऐसी सड़क नहीं बन पाई कि एम्बुलेंस गांव तक जा सके। इतना खर्च होने के बाद सिर्फ 11 सौ मीटर में घाट कटिंग कर सीसी रोड ही बनाई जा सकी है, जबकि यहां 11 किमी. सड़क में मुरमीकरण के साथ घाट कटिंग और सीसी रोड का निर्माण भी अब तक हो जाना था। अफसरों का कहना है कि अब सिर्फ तीन पुलिया का काम बाकी है, जबकि हकीकत यह है कि घाट कटिंग में सिर्फ एक फीट हाइट को काटा है। इससे सीसी रोड़ में कार और दूसरे वाहन नहीं चढ़ पाते हैं। दूसरी तरफ सीसी सड़क को 20 एमएम की गिट्टी में ढालनी चाहिए थी, लेकिन जंगल के पत्थर को तुड़वाकर 40 एमएम गिट्टी से सड़क बना दी। मामले में शिकायत भी हुई, अफसर जांच के लिए भी पहुंचे लेकिन कार्रवाई नहीं हुई और सालभर भी नहीं हुए और सड़क खराब होने लगी है। दो साल पहले तत्कालीन कलेक्टर रणवीर शर्मा के आदेश पर सड़क विकास के लिए आरईएस ने 1.70 करोड़ का एस्टीमेट








बनाया। इस पर डीएमएफ से 1.50 करोड़ रुपए गुरु घासीदास नेशनल पार्क को जारी कर दिया। इस पर घाट कटिंग मात्र 11 मीटर पर की गई है,वहीं इतनी ही लम्बी सीसी रोड बनी है, जबकि खोहिर से बैजनपाठ की दूरी करीब 15 किमी है। सिर्फ एक किमी में ही पूरा पैसा खर्च होने से बैजनपाठ सहित 10 गांव से अधिक के लोगों की परेशानी दूर नहीं हुई है।

## 55 लाख बाकी है. लेकिन अब हम काम नहीं करेंगे

1.60 करोड़ में से एक करोड़ में घाट कटिंग और सीसी रोड बनाई गई है, वहीं करीब 55 लाख बचे हैं, जिसमें 3 पुलिया का काम बाकी है। इस काम को अब हम विभाग में काम की अधिकता के कारण नहीं करा पा रहे हैं। बाकी काम को करने ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाने लिखा है, क्योंकि दो पुलिया राजस्व विभाग की जमीन पर बननी है।

## कलेक्टर को भी गांव तक जाना पड़ा था पैदल

स्थानीय विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने ग्रामीणों से मिलकर गांव छोड़ने पर उन्हें समझाने का प्रयास किया। कलेक्टर रणवीर शर्मा पैदल बैजनपाठ तक गए और ग्रामीणों से बात की थी। उनके निर्देश पर आरईएस के एसडीओ अमित बंजारे और अन्य ने सर्वे कर करीब 1 करोड़ 70 लाख का आंकलन सौंपा।

# शहीद भवन में रविवार को नाटक देवी 2 का मंचन हुआ





**भोपाल।** रंगमंच आदम एक्टर्स क्रिएशन के तत्वाधान में नाटक देवी के सीक्वल देवी 2 का मंचन शहीद भवन के मंच पर रविवार को किया गया कलाकारों ने मंच पर संदेशाप्रद मंचन के साथ सटीक संवादो कि अदाएगी की नाटक में रसूखदार ठाकुर कि ज़िद और कूरीतियों पर प्रेम कि जीत को प्रदर्शित किया गया कलाकारों ने अपने अभिनय के द्वारा किरदारों को मंच पर जीवंत प्रदर्शन किया इस दौरान दर्शको ने संवादों पर तालियां बजाकर कलाकारों का स्वागत किया नाटक का कथानक जो समाज को संदेश यह देना चाहता है। कोई ऊंच नीच कोई छोटा या बड़ा नही। प्रेम की दुनियां है। और सच्चा प्रेम जो करता है। वो इन सब बातो को नही मानता। तो नाटक की कहानी एक देवी मंदिर से शुरू होती है। इसके आसपास कई पत्र आते है और चले जाते है। एक ठाकुर है। जिसकी बहन से भानु नोकर प्रेम करता है। सामाजिक विरोध को झेलते हुए उसके प्रेम की जीत होती है। पर नाटक में कुछ पात्र बेवजह के डाल देने से बीच में कहानी कई जगह लचर हो जाती है, उसकी लय टूट जाती है। नाटक के सभी पात्रों ने अपने आपने किरदार को सही तरह से निभाया और अच्छा अभिनय किया। जो सरहनिय रहा। नाटक की इस श्रृंखला मैं जिन मुख्य भूमिका निभाई ठाकुर विशाल चतुर्वेदी, आदम, करुणा साही, फरहान बेग, आज़म ख़ान, सौलत यार ख़ान, प्रमुख रहे। और नाटक का लेखन अंबर अली। निर्देशन आदम ने किया।






# स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी के मुख्य आतिथ्य में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना शुभारंभ कार्यक्रम सम्पन्न




**रायसेन।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा लाड़ली बहनों को पुष्पगुच्छ और उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा, कलेक्टर श्री अरविंद दुबे, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री दीपक संकत सहित अन्य अधिकारी और लाड़ली बहनाएं उपस्थित रहीं। भोपाल में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के राज्य-स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष के साथ ही सभी जनपद एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर लाईव प्रसारण भी देखा गया। इन हितग्राहियों को मिलेगा योजना का लाभ मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना में उन परिवारों को लाभ मिलेगा जो प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में आवास प्लस एप पोर्टल पर पंजीकृत हैं और जिनके आवेदन भारत सरकार के एमआईएस पोर्टल पर स्वतः रिजेक्ट हो गये हैं। योजना का लाभ एमआईएस पोर्टल पर दर्ज होने से छूटे एवं चिन्हित परिवार को भी मिलेगा। लाड़ली बहना आवास योजना में उन परिवारों को भी लाभ मिलेगा, जो सामाजिक, आर्थिक एवं जातिगत जनगणना 2011 एवं आवास प्लस की सूची में शामिल नहीं है और जिन्हें केन्द्र अथवा राज्य की किसी भी आवास योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। इन्हें भी मिलेगा लाभ मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना में वे परिवार शामिल होंगे जिनके पास पक्की छत वाले मकान नहीं है अथवा दो से कम कमरों वाले कच्चे मकानों में निवासरत हो, मोटरयुक्त चौपहिया वाहन स्वामी नहीं हो या जिनके परिवार का कोई सदस्य शासकीय सेवा में नहीं हो, उसकी मासिक आय 12 हज़ार या कम हो। साथ ही परिवार का कोई सदस्य आयकरदाता नहीं हो और 2.5 एकड़ या इससे कम सिंचित भूमि हो अथवा 5 एकड़ से कम असिंचित कृषि भूमि हो। ग्राम पंचायतों में जमा होंगे आवेदन मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के आवेदन जनपद पंचायतों द्वारा ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराये जायेंगे। आवास योजना में निर्धारित पात्रता रखने वाले ऐसे हितग्राही ग्राम पंचायत द्वारा प्रदाय किये गये आवेदन-पत्र में सभी बिन्दुओं की जानकारी भरकर फार्म ग्राम पंचायत में जमा करायेंगे।

# समनापुरकला में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का किया भूमिपूजन

**रायसेन।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा गैरतगंज विकासखण्ड के ग्राम समनापुरकला में 295.45 लाख रू की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने ग्राम अंधियारी में आयोजित कार्यक्रम में 71.16 लाख रू लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र मय सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आवास भवन तथा ग्राम बाढ़ेर में 71.16 लाख रू लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र मय सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आवास भवन निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने इस दौरान मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुकाएं, पानी की बॉटल सहित अन्य सामग्री भी वितरित की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों को इलाज के लिए परेशानी ना हो, उन्हें त्वरित इलाज मिले इसके लिए गॉवों में स्वास्थ्य केन्द्र खोले जा रहे हैं। समनापुरकला में लगभग तीन करोड़ रू की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन बनकर तैयार होगा। इसी प्रकार अंधियारी और बाढेर में भी उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन बनकर तैयार होंगे, जिनका आज भूमिपूजन किया गया है। इन स्वास्थ्य केन्द्र भवनों के बन जाने से गांव में ही मरीजों की अनेक प्रकार की जांचें निःशुल्क होंगी और दवाईयां भी निःशुल्क मिलेगीं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि गॉव-गॉव में स्वास्थ्य सेवाओं का जाल बिछाया जा रहा है। नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जा रहे हैं। साथ ही पहले से स्थापित स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सेवाओं तथा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।



# चक्रधर समारोह रायगढ़: स्कूली बच्चों ने दी छत्तीसगढ़ी संस्कृति के साथ शानदार प्रस्तुति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की लौह नगरी रायगढ़ में हर साल की तरह इस साल भी चक्रधर समारोह का अयोजन किया गया है। इस समारोह के दूसरे दिन स्कूली बच्चों ने छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में अपनी शानदार प्रस्तुति दिखाई। इस दौरान राउत नाचा से लेकर सुआ, ददरिया, कर्मा जैसे विभिन्न स्थानीय सांस्कृतिक नृत्यों के साथ देश के कई राज्यों के ओडिशा, गुजराती बिहू जैसे सांस्कृतिक नृत्यों की झलक भी देखने को मिली। इस कार्यक्रम का लोगों ने खूब आनंद लिया।

चक्रधर समारोह में एमएसपी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति गीत भारत मां की जय बोलव रे, छत्तीसगढ़ की जय बोलव, तिरंगा झंडा लहराए जावथे, जन-गण-मंगल के धुन गावथे पर छत्तीसगढ़ी नृत्य के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी। न्यू होराइजन स्कूल के बच्चों ने झुलना मा झूले... छत्तीसगढ़ी लोक गीत पर कर्मा नृत्य की जबरदस्त प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की इस कड़ी में जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्कूली बच्चों ने ओडिशा की संबलपुरी नृत्य से दर्शकों का दिल जीता। बच्चों ने संबलपुर की समलाई माता की आराधना करते हुए



लोक परंपरा को प्रदर्शित किया। इसी के साथ ही सेंट जेवियर स्कूल के बच्चों ने राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। गुजरात की लोक प्रिय गरबा को भी दर्शाए। देश की पूर्वात्तर राज्य असम में प्रचलित बिहू नृत्य ने दर्शकों को बांधे रखे। मनमोहक प्रस्तुति सेंट टेरेसा स्कूल के बच्चों ने दी। ओपी जिंदल स्कूल तराईमाल के बच्चों ने झांसी की रानी खूब लड़ी मर्दानी पर प्रस्तुति दी।

# खुशखबरी: नालंदा कैंपस की नहीं बढ़ेगी फीस : कलेक्टर

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित नालंदा परिसर में पढ़ाई के लिए आने वाले छात्रों के लिए खुशखबरी है। अब स्टूडेंट्स को और भी सुविधा मिलेगी। लाईब्रेरी आने वाले विद्यार्थियों के फीस में कोई वृद्धि नहीं होगी। राजधानी रायपुर स्थित नालंदा परिसर में पढ़ाई के लिए आने वाले छात्रों के लिए खुशखबरी है। अब स्टूडेंट्स को और भी सुविधा मिलेगी। लाईब्रेरी आने वाले विद्यार्थियों के फीस में कोई वृद्धि नहीं होगी। इसके साथ ही डॉ. महादेव प्रसाद पांडेय नालंदा परिसर प्रबंधन सोसायटी में 25 नए अत्याधुनिक सिस्टम लगेंगे। इसके लिए रायपुर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे की परिसर के कार्यकारिणी समिति की बैठक ली है। उन्होंने कहा कि परिसर में आने वाले विद्यार्थियों की सुविधा का ध्यान रखें और समस्याओं का जल्द समाधान करें। बैठक में नालंदा परिसर स्थित लाईब्रेरी में सदस्यता, मासिक और अन्य शुल्कों का डिजिटलीकरण करने पर निर्णय लिया गया।




कलेक्टर ने इसके लिए मोबाइल एप बनाने के निर्देश दिए। इस एप के माध्यम से विद्यार्थी ऑनलाइन शुल्क जमा कर सकेंगे। समाचार पत्र-पत्रिकाएं लाईब्रेरी में उपलब्ध कराने की बात कही। इसके साथ ही मोतीबाग में स्मार्ट सिटी की ओर से यूथ-हब प्रोजेक्ट अंतर्गत निर्माणाधीन स्मार्ट रीडिंग रुम के नालंदा परिसर प्रबंधन सोसायटी के तहत संचालन करने पर सहमति बनी। इस अवसर पर कलेक्टर ने नालंदा परिसर से प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित होने वाले विद्यार्थियों से मुलाकात कर सराहना की और सम्मान किया। कलेक्टर ने मोतीबाग में निर्माणाधीन स्मार्ट रीडिंग रुम का निरीक्षण किया। उसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सेंन्ट्रल लाईब्रेरी का भी निरीक्षण किया। बैठक में कार्यकारणी समिति के सचिव नगर निगम आयुक्त मंयक चतुर्वेदी और अन्य सदस्य जोन क्रमांक 7 के जोन कमिशनर, स्मार्ट सिटी कार्यपालन अभियंता आरके गुप्ता, आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त तारकेश्वर देवांगन, रोजगार विभाग के उपसंचालक एओ लॉरी, रोजगार अधिकारी केदार पटेल, नालंदा परिसर लाईब्रेरियन श्रीमती डॉ. मंजुला जैन सहीत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

यूपी के डिप्टी सीएम मौर्य बोले


# कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार में लिप्त है छत्तीसगढ़ सरकार



**अंबिकापुर।** अंबिकापुर में भाजपा की परिवर्तन यात्रा में पहुंचे उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार में लिप्त है। यहां भ्रष्टाचारियों के यहां छापे पड़े तो सरकार में बैठे लोग बिलबिला रहे हैं कि छापे नहीं पड़ने चाहिए। छापे की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए ऐसे कर्म करो। छत्तीसगढ़ में कोयला स्कैम हो रहा है। छत्तीसगढ़ में गोबर खरीदी में घोटाला हो रहा है। कांग्रेसियों की कमेटी बनाकर गोबर खरीदी में घोटाला किया जा रहा है। कांग्रेस का चरित्र कमीशन वाला रहा है, करप्शन वाला रहा है, क्राइम वाला रहा है। दूसरे चरण की परिवर्तन यात्रा में शामिल होने पहुंचे उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य अंबिकापुर पहुंच राजपुर में यात्रा में शामिल हुए। सामरी विधानसभा क्षेत्र के राजपुर में आयोजित परिवर्तन यात्रा की आमसभाओं को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब यूपी में अपराध खत्म हो सकता है तो छत्तीसगढ़ में क्यों नहीं? आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के कोयला खदान से एक-एक दिन में 40-40 करोड़ कमीशन लेंगे। कैंपा घोटाला कितना बड़ा घोटाला है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेसियों की कमेटी बनाकर उनके खाते में पैसे डाले जा रहे हैं। मौर्य ने जनता से पूछा कि कितने लोगों के घर से गोबर खरीदा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विज्ञापन यूपी में छपता है और छत्तीसगढ़ के लोगों का गोबर नहीं खरीदा जा रहा है। यह सीधे तौर पर बड़ा घोटाला है। केशव प्रसाद मौर्य ने गरीब कल्याण की केंद्रीय योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि की राशि सीधे गरीबों के खाते में न भेजी जाए और भूपेश सरकार को भेज दी जाए, तो वे उसमें भी कमीशन खा लेंगे। ये ट्रिपल सी वाले हैं। मौर्य ने कहा कि हम भ्रष्टाचार बर्दाश्त करने वाले नहीं हैं। ये अपराध व गरीबों का शोषण है। अब उत्तर प्रदेश में इस तरह के घोटाले बंद हो गए हैं।

# कोरबा पहुंची भाजपा की परिवर्तन यात्रा, यूपी के डिप्टी सीएम समेत ये दिग्गज नेता रहे मौजूद

**कोरबा।** जशपुर से निकली बीजेपी की परिवर्तन यात्रा कोरबा जिले के अंतिम छोर पसान, लैंगा, बिंझरा से होकर कटघोरा पहुंची। इस परिवर्तन यात्रा में केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश और उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक समेत कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। आगामी चुनाव लेकर बीजेपी अपनी पूरी ताकत लगा रही है। बीजेपी ने वोटरों को साधने के लिए छत्तीसगढ़ में परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की है। जिसमें बीजेपी के दिग्गज नेता शामिल हो रहे हैं। 16 सितंबर को जशपुर से निकली बीजेपी की परिवर्तन यात्रा आज 21 सितंबर को कोरबा जिले के अंतिम छोर पसान, लैंगा, बिंझरा से होकर कटघोरा पहुंची। इस परिवर्तन यात्रा में केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश, उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, धरम लाल कौशिक, पुन्नू लाल मोहले, पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर सहित कोरबा जिले के पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान कटघोरा के मैला मैदान में आयोजित आम सभा में बीजेपी के दिग्गज नेताओं ने शिरकत की। सभी नेताओ ने छत्तीसगढ़ भूपेश सरकार के



खिलाफ अपना उद्बोधन दिया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने यहां के आदिवासी भाइयों, गरीब भाई बहनों को लूटा है। यहां की भूपेश सरकार ने लोगों का शौचालय, आवास को छीना है। निश्चित तौर पर इस परिवर्तन यात्रा में हर जाति धर्म के लोग शामिल हो रहे हैं और इस बार छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार को यहां की जनता उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है।

## प्रेमी बना किडनैपर: पुलिस बनकर प्रेमिका को किया अगवा, एक महिला समेत पांच लोगों ने दिया साथ



कांकेर। कांकेर जिले में अपहरण का एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ने एकतरफा प्यार के चलते फर्जी पुलिस बनकर युवती का अपहरण कर लिया और उसे गाड़ी में बैठाकर अपने साथियों के साथ मिलकर ले जाने लगा. घटना की जानकरी जैसे ही पुलिस को लगी पुलिस के होश उड़ गए। आनन - फानन में पुलिस ने उन सभी को पकड़ लिया. एसडीओपी अमर सिदार ने बताया कि नारायणपुर का रहने वाला आरोपी भाव सिंह अपने पांच अन्य साथियों के साथ अंतागढ़ थाना क्षेत्र के गोडरी गांव स्थित एक एक युवती के घर पहुंचा। यहां पहुंचते ही वह सभी को पुलिस वाला बताने लगा और युवती को थाने में बुलाने की बात कहते हुए चलने को कहा। घबराया पिता भी बेटी के साथ चलने को राजी हो गया। आरोपी दोनों को अपने स्कोपियों वाहन में बैठाकर ले जाने लगे। पुलिस के भेष में आए आरोपी युवती व उसके पिता को अंतागढ़ थाना की ओर न ले जाकर नारायणपुर की ओर लेकर जाने लगे।

# तस्कर और गैंगस्टर पर बनी वो फिल्में जो हुईं सुपरहिट

**मुंबई।** बॉलीवुड में तस्करों और गैंगस्टरों पर कई फिल्में बनती हैं, लेकिन क्या आपको पर्दे के पीछे का असली विलेन पता है? फिल्मों में कलाकारों ने जिन किरदारों की भूमिका निभाई है उनकी असल जिंदगी कैसी रही और वे कितने खतरनाक रहे यह सभी जानते हैं। आईए जानते हैं इन फिल्मों की कहानी के पीछे रहे असली खलनायकों की कहानी। इन दिनों अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा 2 का उनके फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इसके पहले पार्ट को लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया था। जिसमें अल्लू अर्जुन चंदन तस्कर का रोल प्ले किया था। कहा जाता है अल्लू अर्जुन का ये रोल नामी तस्कर वीरप्पन पर आधारित था। इसी तरह कंपनी, शूटआउट एट वडाला जैसी फिल्में भी मुंबई के नामी गैंगस्टर्स की कहानी दिखाती हैं।




## कौन हैं उनके पीछे के असली खलनायक

### पुष्पा के पीछे चंदन तस्कर वीरप्पन की कहानी

अल्लू अर्जुन की सुपरहिट फिल्म पुष्पा को कुख्यात चंदन तस्कर वीरप्पन की असल कहानी पर आधारित बताया जाता है। कूज मुनिस्वामी वीरप्पन को लोग आमतौर पर वीरप्पन के नाम से ही जानते थे। वीरप्पन चंदन, हाथी के दांतों की तस्करी और अपहरण चोरी, डकैती व नृशंस हत्या के लिए भी जाना जाता था। वीरप्पन एक मुठभेड़ में मारा गया था।

### कौन है शूटआउट एट वडाला का असली गैंगस्टर

कहा जाता है संजय गुप्ता के डायरेक्शन में बनी और जॉन अब्राहिम की फिल्म 'शूटआउट एट वडाला' मुंबई के कुख्यात गैंगस्टर मान्या सुर्वे के जीवन पर आधारित है। मान्या का असली नाम मनोहर अर्जुन सुर्वे था। जिसे अंडरवर्ल्ड का पहला पढ़ा लिखा डॉन कहा जाता था। उसे उस हत्या के इल्जाम में आजीवन कारावास की सजा मिली थी जो उसने की ही नहीं थी। जेल से भागकर उसने अपनी गैंग बनाई। मान्या का खौफ पूरी मुंबई में फैल चुका था। जिसके बाद मान्या पुलिस एनकाउंटर में मारा जाने वाला भारत का पहला गैंगस्टर बन गया।




## गणेश चतुर्थी पर रिलीज हुआ टाइगर की 'गणपत' का नया पोस्टर...

मुंबई। बॉलीवुड के फिटनेस फ्रीक टाइगर श्रॉफ इन दिनों फिल्म 'गणपत' को लेकर सुर्खियों में हैं। जिसमें वो एक बार फिर एक्शन अवतार में नजर आने वाले हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। इस पोस्टर में टाइगर धाकड़ लुक में नजर आ रहे हैं। साथ ही पोस्टर के जरिए फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। बता दें कि फिल्म का निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और विकास बहल द्वारा किया गया है। ये फिल्म 20 अक्टूबर, 2023 को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में दुनिया भर में रिलीज के लिए तैयार है। टाइगर श्रॉफ की ये फिल्म एक पैन इंडिया फिल्म है। जिसमें 9 साल बाद उनकी जोड़ी एक्ट्रेस कृति सेनन के साथ देखने को मिलेगी। फिल्म में एक बार फिर दोनों अपनी जबरदस्त केमिस्ट्री से पर्दे पर आग लगाने वाले हैं। इससे पहले ये जोड़ी फिल्म 'हीरोपंती' में नजर आई थी। जो दोनों की ही पहली फिल्म थी।

## 'बार्बी' ने ओटीटी पर दी दस्तक



**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड फिल्म बार्बी ने पूरी दुनिया में जमकर प्रशंसा और रुपया बटोरा। अब ये फिल्म सिनेमाघरों में तहलका मचाने के बाद ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस मार्गोट रॉबी ने इस फिल्म में बार्बी का किरदार निभाया है। हाल ही में मशहूर फिल्म 'बार्बी' की ओटीटी स्ट्रीमिंग का ऐलान किया गया था। ये फिल्म 12 सितंबर, 2023 से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो चुकी है। इस फिल्म को एक शर्त के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया गया है। पेंच ये है कि भले ही आपके पास प्राइम वीडियो का सब्सक्रिप्शन होगा। इसके बावजूद भी आपको बार्बी देखने के लिए 499 रुपये का रेंट चुकाना पड़ेगा। आपको जानकर हैरानी होगी कि मार्गोट रॉबी की फिल्म 'बार्बी' ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। ये साल 2023 की हाईएस्ट ग्रोसिंग हॉलीवुड फिल्म बन गई है। इसने बॉक्स ऑफिस पर 1.4 बिलियन डॉलर का कलेक्शन किया है, जो अपने आपमें एक रिकॉर्ड है।

## मालविका घर में ही सीखी एक्टिंग बेबी करीना' बन लूट ली महफिल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अगर आपने फिल्म कभी खुशी कभी गम देखी है तो आपको करीना कपूर के बचपन का किरदार निभाने वाली लड़की भी याद होगी। वह लड़की कोई और नहीं, बल्कि मालविका राज ही थीं। केउजी में काम करने के बाद मालविका ने फिल्मी दुनिया के सपने देखने शुरू कर दिए थे। अब मालविका बड़ी हो चुकी हैं और अपनी अदाओं से आग लगाने में माहिर हैं। 18 सितंबर 1990 के दिन मुंबई में जन्मी मालविका राज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. वह उन सितारों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने ही घर में एक्टिंग का पाठ सीखा। दरअसल, उनके पिता बॉबी राज फिल्ममेकर हैं, जबकि मां रीना राज ने फिल्म प्रॉड्यूसर का काम किया। वह दिग्गज एक्ट्रेस अनीता राज की भतीजी हैं। साथ ही, कॉस्ट्यूम डिजाइनर सोनाक्षी राज उनकी बहन है। देखा जाए तो मालविका की पूरी फैमिली फिल्मों से कनेक्टेड है। साल 2017 के दौरान उन्होंने जयदेव और कैप्टन नवाब नाम की फिल्मों में छोटे-छोटे किरदार निभाए। वहीं, साल 2021 में वह एक्शन थ्रिलर फिल्म स्क्वॉड में नजर आईं। जब वह 17 साल की थीं, उस दौरान उन्होंने मॉडलिंग शुरू की और कई नामचीन ब्रैंड्स के विज्ञापनों में नजर आईं। अगस्त 2023 में उन्होंने अपनी जिंदगी को खूबसूरत मोड़ दिया और कारोबारी प्रणव बग्गा से तुर्किए में सगाई कर ली।




## दर्शकों के चहेते होस्ट सुशांत ने अपनाया एक नया लुक

**मुंबई।** भारतीय टेलीविजन की दुनिया में सुशांत सिंह एक ऐसा नाम है, जिसे किसी परिचय की जरूरत नहीं है। उनकी करिश्माई उपस्थिति और सराहनीय अभिनय कौशल ने उन्हें लाखों दर्शकों के दिलों में एक विशेष स्थान दिलाया है। हालांकि, यह न सिर्फ उनकी अभिनय कला है, जिसने दर्शकों का ध्यान खींचा है बल्कि सावधान इंडिया के नए सीजन की थीम क्रिमिनल डिकोडेड के ने नए प्रोमो ने दर्शकों का खूब आकर्षित किया है, जहाँ सुशांत साल्ट पेपर लुक में नज़र आ रहे हैं। ख़ास बात यह है कि उनका यह नया लुक शो के प्रसारण से पहले ही दर्शकों के बीच खूब प्रशंसाएं बटोर रहा है।




## 'आंख मिचौली' की रिलीज तारीख आई सामने

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर पिछले कुछ वक्त से अपनी आने वाली फिल्म 'आंख मिचौली' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में उनके अलावा अभिमन्यु, परेश रावल, शरमन जोशी, दिव्या दत्ता, अभिषेक बनर्जी, दर्शन जरीवाला, ग्रुशा कपूर और विजय राज जैसे कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। अब इस बीच 'आंख मिचौली' की रिलीज तारीख सामने आ गई है। यह फिल्म इसी साल 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। मस्ती भरे अंदाज में नजर आए सभी सितारे फिल्म 'आंख मिचौली' का पहला पोस्टर भी सामने आ चुका है, जिसमें सभी कलाकार मस्ती भरे अंदाज में नजर आ रहे हैं। इसका निर्देशन उमेश शुक्ला द्वारा किया जा रहा है और फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है।



## कैट मेरी लाइफ में फैशन पुलिस की भूमिका में

**मुंबई।** विक्की कौशल और कैटरीना कैफ बॉलीवुड के मोस्ट पॉपुलर कपल्स में से एक हैं। इन सबके बीच विक्की अक्सर अपनी वाइफ कैटरीना से जुड़े खुलासे करते रहते हैं। एक इंटरव्यू में विक्की कौशल ने खुलासा किया कि कैटरीना उनकी लाइफ में फैशन पुलिस की भूमिका निभाती हैं और वे अक्सर उनसे सवाल पूछती रहती हैं कि आपने क्या पहना है? और आप इसे क्यों पहन रहे हैं? वहीं विक्की फैशन के मामले में खुद को मिनिमलिस्ट मानते हैं और वे अपनी अलमारी में लिमिटिड कपड़े जिनमें चार शर्ट, चार टी-शर्ट और चार जोड़ी डेनिम रखना पसंद करते हैं। वहीं विक्की की फैशन च्वाइसेस से अब कैटरीना कैफ भी हार मान चुकी हैं। विक्की ने खुलासा किया कि कैटरीना ने अब उनकी फैशन च्वाइस को इंफ्लूएंस करने की कोशिश करना छोड़ दिया है।



## देश का निर्यात अगस्त में 6.86 प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** भारत का निर्यात इस साल अगस्त में 6.86 प्रतिशत घटकर 34.48 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पिछले साल इसी माह में यह 37.02 अरब डॉलर था। आयात भी 5.23 प्रतिशत घटकर 58.64 अरब डॉलर हो गया। अगस्त 2022 में 61.88 अरब डॉलर रहा था। अगस्त में देश का व्यापार घाटा 24.16 अरब डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-अगस्त के दौरान निर्यात 11.9 प्रतिशत घटकर 172.95 अरब डॉलर और आयात 12 प्रतिशत घटकर 271.83 अरब डॉलर रहा।

## बीते सप्ताह रही तेल की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** विदेशों में सोयाबीन डीगम के दाम में बीते सप्ताह आई मजबूती के बीच देश के तेल-तिलहन बाजारों में लगभग सभी खाद्य तेल-तिलहनों के थोक भाव मजबूत बंद हुए। विदेशों में पिछले सप्ताह सोयाबीन तेल का दाम 972 डॉलर से बढ़कर 1,040-45 डॉलर प्रति टन हो गया है। लेकिन पिछले साल मई के मुकाबले यह दाम लगभग आधा है। इसके अलावा सप्ताह के दौरान शिकॉगो और मलेशिया एक्सचेंज में मजबूती रहने तथा देश के किसानों द्वारा निचले भाव पर बिकवाली कम करने से खाद्य तेल-तिलहन कीमतों में मजबूती रही। उन्होंने कहा कि सरसों के बढ़िया माल की कमी भी है और इसकी आवक घटने से भी तेल कीमतों में सुधार है। वैसे सरसों और देशी सूरजमुखी तिलहन के दाम अब भी अपने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम बने हुए हैं।

## चाय का निर्यात 8 प्रतिशत कम रहने की आशंका



**मुंबई।** श्रीलंका से आपूर्ति बढ़ने की वजह से चालू वित्त वर्ष में चाय उद्योग के निर्यात में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत की गिरावट आने की आशंका है। एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। क्रिसिल रेटिंग्स के मुताबिक, 2023-24 में चाय उद्योग की परिचालन लाभप्रदता के पिछले साल की तुलना में एक प्रतिशत घटकर पांच प्रतिशत रह जाने का अनुमान है। चाय की पैदावार कम होने से ऐसा होने की आशंका है। हालांकि पूंजीगत व्यय नगण्य होने और कम वृद्धि से इस उद्योग का कर्ज ढांचा स्थिर बने रहने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चाय उद्योग का निर्यात आकार घटने से इसका सालाना राजस्व आठ प्रतिशत तक घट सकता है। क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक नितिन कंसल ने कहा, कुल बिक्री में 82 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली घरेलू मांग इस साल भी 110 करोड़ किलो के साथ स्थिर रहने की उम्मीद है।

### ब्राजील दुनिया में गन्ना व एथेनॉल का सबसे बड़ा उत्पादक

# भारत और ब्राजील की डब्ल्यूटीओ में चीनी संबंधित विवाद सुलझाने चर्चा शुरू

एजेंसी/ नई दिल्ली

भारत और ब्राजील ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में चीनी से संबंधित व्यापार विवाद को पारस्परिक रूप से सुलझाने के लिए बातचीत शुरू कर दी है। इस विवाद के समाधान के तहत दक्षिण अमेरिकी देश भारत के साथ एथनॉल उत्पादन प्रौद्योगिकी साझा कर सकता है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। ब्राजील दुनिया में गन्ना और एथनॉल का सबसे बड़ा उत्पादक है। यह एथनॉल उत्पादन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली प्रौद्योगिकी में भी अग्रणी है। अधिकारी ने कहा, 'विवाद को सुलझाने के हमारे प्रयासों के तहत कुछ दौर की बातचीत हुई है। हमने यहां अंतर-मंत्रालयी बैठकें भी की हैं। ब्राजील ने कहा है कि वह हमारे साथ एथनॉल (उत्पादन) प्रौद्योगिकी साझा करेगा। यह एक सकारात्मक बात है।'

## टूटे चावल से भी एथेनॉल का निर्माण

एथनॉल का इस्तेमाल वाहन ईंधन में मिलाने के लिए किया जाता है। गन्ने के साथ-साथ टूटे हुए चावल और अन्य कृषि उपज से निकाले गए एथनॉल के उपयोग से दुनिया के तीसरे सबसे बड़े कच्चे तेल उपभोक्ता व आयातक देश को आयात पर अपनी निर्भरता को कम करने में मदद मिलेगी।

## पैनल के फैसले के खिलाफ भारत की है अपील

14 दिसंबर 2021 को डब्ल्यूटीओ विवाद निपटान पैनल ने फैसला सुनाया कि चीनी क्षेत्र को भारत के समर्थन उपाय वैश्विक व्यापार मानदंडों के अनुरूप नहीं हैं। जनवरी, 2022 में भारत ने डब्ल्यूटीओ के अपीलीय निकाय में पैनल के फैसले के खिलाफ अपील की। अपीलीय निकाय को विवादों के खिलाफ फैसले पारित करने का अंतिम अधिकार है।

**भारत दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक**

हालांकि, अपीलीय निकाय के सदस्यों की नियुक्तियों पर देशों में मतभेद के कारण यह कार्य नहीं कर रहा है। ब्राजील दुनिया में चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक है। डब्ल्यूटीओ के सदस्यों... ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया और ग्वाटेमाला ने शिकायत की थी कि गन्ना उत्पादकों को भारत के समर्थन उपाय गन्ना उत्पादन के कुल मूल्य के 10 प्रतिशत के न्यूनतम स्तर से अधिक हैं।





## 20 फीसदी एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य

भारत फिलहाल अपनी कच्चे तेल की जरूरत का 85 प्रतिशत आयात करता है। साथ ही एथनॉल कार्बन उत्सर्जन में भी कमी लाता है। भारत ने 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखा है। जिनेवा स्थित बहुपक्षीय निकाय में विवाद को सुलझाने के लिए भारत को पारस्परिक रूप से सहमत समाधान (एमएएस) के तहत अपनी ओर से भी कुछ पेशकश करनी होगी।

- एथेनॉल उत्पादन प्रौद्योगिकी साझा कर सकता है
- एथेनॉल का उपयोग वाहन ईंधन में मिलाने के लिए उपयोग होता है
- दोनों देशों ने अपनी अंतर-मंत्रालयी बैठक भी की है

*किसानों का चीनी सब्सिडी वैश्विक नियमों के अनुरूप नहीं : भारत डब्ल्यूटीओ में चीनी विवाद में अन्य शिकायतों के लिए भी इसी तरह की प्रक्रिया अपना रहा है। 2019 में ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया और ग्वाटेमाला ने भारत को डब्ल्यूटीओ के विवाद निपटान तंत्र में घसीटा था और आरोप लगाया था भारत द्वारा किसानों को चीनी सब्सिडी वैश्विक व्यापार नियमों के अनुरूप नहीं है।*

## अमेरिका ने भारत से छह व्यापार विवादों को निपटाया

हाल ही में भारत और अमेरिका ने छह व्यापार विवादों को निपटाया है और सातवें मामले को भी समाप्त करने पर सहमति व्यक्त की है। इस समाधान के तहत जहां भारत ने सेब और अखरोट जैसे आठ अमेरिकी उत्पादों पर 'जवाबी' शुल्क हटा दिया है, वहीं अमेरिका अतिरिक्त शुल्क लगाए बिना भारतीय इस्पात और एल्यूमीनियम उत्पादों को बाजार पहुंच प्रदान कर रहा है।

# देश में बिजलीचालित वाहनों को बढ़ावा देने नीति स्पष्ट हो

एजेंसी/ नई दिल्ली

बिजलीचालित दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी एथर एनर्जी का मानना है कि देश में इलेक्ट्रिक परिवहन को तेजी से बढ़ाने के लिए निवेश योजना बनाने को नीति के मोर्चे पर स्पष्टता जरूरी है। एथर एनर्जी के मुख्य कारोबार अधिकारी (सीबीओ) रवनीत एस फोकेला ने यह बात कही है। एथर एनर्जी में हीरो मोटोकॉर्प प्रमुख निवेशक है। कंपनी को उम्मीद है कि 2030 तक घरेलू दोपहिया बाजार का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हो जाएगा। इसके अलावा कंपनी भविष्य में भारत जैसे किसी बाजार में निर्यात की भी तैयारी कर रही है। फेम-दो (भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण को तेजी से अपनाना) योजना अगले साल मार्च में समाप्त हो रही है। फोकेला ने कहा कि एथर सरकारी समर्थन और सब्सिडी के मौजूदा स्तर से खुश है, लेकिन हमें उम्मीद है कि इसे तीन से पांच साल के लिए और बढ़ाया जाएगा। फेम-दो के बारे में पूछे जाने पर फोकेला ने कहा, 'दो जरूरत हैं। पहला इसका समय बढ़ाया जाए। दूसरा नीति अनुकूल या स्पष्ट हो।' उन्होंने आगे कहा, 'यदि नीति अस्पष्ट है,



तो यह कारोबार की दृष्टि से अच्छा नहीं है। क्योंकि मेरी कारोबारी योजनाएं सब्सिडी के एक अनुमान पर आधारित हैं। यदि इसमें बदलाव होता है, तो मैं अपनी योजना को लेकर निश्चिंत नहीं रह पाऊंगा और निवेश नहीं करूंगा।'

# त्योहारी सीजन में ऑनलाइन बिक्री बढ़ने की उम्मीद: रिपोर्ट


नई दिल्ली। आगामी त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन बिक्री में सालाना आधार पर 18-20 प्रतिशत की वृद्धि होने के साथ ही इसके 90,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। मार्केट रिसर्च फर्म रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स के अनुसार, आगामी त्योहारी सीजन संभावित रूप से मार्जिन के मामले में अब तक का सबसे सफल सीजन हो सकता है। भारत ईटेलिंग के 2023 त्योहारी महीने का जीएमवी करीब 90,000 करोड़ रुपये रहेगा जो पिछले साल के त्योहारी महीने की बिक्री से 18-20 प्रतिशत अधिक है।' कंपनी के अनुसार, ऑनलाइन खरीदारी करने वाले करीब 14 करोड़ लोगों के इस त्योहारी महीने के दौरान कम से कम एक बार ऑनलाइन खरीदारी करने की उम्मीद है।



# फेड का निर्णय तय करेगा शेयर बाजार की दिशा

नई दिल्ली

अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, वैश्विक बाजारों के रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। 'गणेश चतुर्थी' के उपलक्ष्य में मंगलवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। वैश्विक मोर्चे पर बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ जापान के ब्याज दर पर निर्णय से भी बाजार को दिशा मिलेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा, यह सप्ताह मौद्रिक नीति वाला होगा। फेडरल रिजर्व के नीति-निर्माताओं ने फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक बुलाई है और ब्याज दर पर निर्णय की घोषणा बुधवार यानी 20 सितंबर को होगी। गौर ने कहा, 'डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल, अमेरिकी में बांड प्रतिफल और कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेंगी। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,239.72 अंक या 1.86 प्रतिशत के लाभ में रहा। नेशनल स्टॉक का निफ्टी 372.4 अंक या 1.87 प्रतिशत चढ़ गया। शुक्रवार को लगातार 11वें कारोबारी सत्र में सेंसेक्स लाभ में रहा और 319.63 अंक या 0.47 प्रतिशत की छलांग के साथ 67,838.63 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 408.23 अंक या 0.60 प्रतिशत बढ़कर 67,927.23 के अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा। शुक्रवार को निफ्टी 89.25 अंक या 0.44 प्रतिशत बढ़कर 20,192.35 के अपने रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 119.35 अंक या 0.59 प्रतिशत बढ़कर 20,222.45 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया।



स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)